फा.सं. 3.10 (1) / एफ डी / 2016-सा.I

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,

नई दिल्ली-110069

दिनांक: 31, अगस्त , 2016

सेवा में

विषय:- **दिनांक 30.09.2016 को सं.लो.से.आ. की 90 वाँ स्थापना दिवस के लिए आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम हेतु मंच तथा बैठने की व्यवस्था का प्रावधान।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि दिनांक 30 सितम्बर 2016 को सं.लो.से.आ. अपनी स्थापना की 90 वाँ वर्षगांठ मनाने जा रहा है जिसके लिए दिनांक 30.09.2016 को 3.00 बजे अपराह्न में इस कार्यालय के आयोग सचिवालय के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित किए जाने वाले आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम की मंच-सज्जा से संबंधित विविध व्यवस्थाएं अपेक्षित हैं जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

2. व्यवस्था की मदें निम्नानुसार है:-

(i) <u>**मंच तथा बैठने की व्यवस्था**</u>

| क्रम सं. | मद | अपेक्षित मात्रा/क्षेत्र | आकार/विनिर्दिष्टियां |
|---|---|---|---|
| 1. | जलरोधक शामयाना मजबूत बांस बल्ली संरचना पर | 5800 वर्ग फीट (लगभग) | ------------------ |
| 2. | सफेद कवर सहित बैंन्क्विट चेयर | 500 | |
| 3. | ग्रीन रॉलर कार्पेट | 50 | (6'x 18') |
| 4. | पेडेस्ट्रल फैन आवाज़ रहित | 20 | बड़ा आकार (आवाज़ रहित) |
| 5. | लकड़ी का मंच (प्लेटफार्म) | 2500 वर्ग फीट | 29'x 81'<br>2' ऊंचाई सहित<br>(साईट की अपेक्षानुसार) |
| 6. | डॉयस | 400 वर्ग फीट | 20'x 10'x 1'<br>20'x 10'x 2' |
| 7. | कनात | 240 वर्ग फीट | 40'x 6' |
| 8. | रेड रनर | 600 वर्ग फीट | (6'x 100') |
| 9. | किनारे की दीवार (काले रंग में) | 1980 वर्ग फीट | (11'x 180') |
| 10. | <u>पांच दिनों के लिए</u><br>अधिष्ठापन सहित हैलोजन फिटिंग्स | 05 | 500वॉट |

टिप्पणी:- मात्रा घटाई/बढ़ाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

3. यदि आप उपर्युक्त व्यवस्था के आयोजन में रूचि रखते हैं तो आपको उपर्युक्त प्रत्येक मदों के लिए दर उद्धृत करना होगा तथा बोली को लिफाफे में सीलबंद कर उसके ऊपर मोटे अक्षरों में "स्थापना दिवस के आयोजन के लिए बोली" लिखा हो, श्री अनिल कुमार, अवर सचिव (बैठक एवं अनुरक्षण), सं.लो.से.आ., नई दिल्ली को संबोधित करते हुए उक्त को दिनांक 15.09.2016 को 3:00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में स्वागत कक्ष के गेट 'सी' पर रखे निविदा बाक्स में डाल दें। बोलियां उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न को बोलीदाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि जो इसमें उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में खोली जाएगी ।

4. **देर से प्राप्त बोली**

4.1 निर्दिष्ट तारीख तथा समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4.2 अपूर्ण बोलियां तथा बोलियों को प्राप्त करने की निश्चित अवधि की समाप्ति के बाद बोली में कोई संशोधन तथा उनमें कुछ जोड़ने की अनुमति नहीं होगी तथा ऐसी बोलियों को अस्वीकृत किया जा सकता है।

5. बोली इस पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएगी ।

6. समग्र रूप से एल-I बोलीदाता को वरीयत: कार्य आदेश प्रदान किया जाएगा । सबसे कम दर का फैसला करों सहित किया जाएगा।

7. दरों में ढुलाई/कार्टेज/भाड़ा प्रभार आदि शामिल होने चाहिए ।

8. वैट/ एलएसटी/ सीएसटी आदि यदि कोई हो को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर उद्धृत की गई दरों में सभी करों में शामिल माना जाएगा और इस कार्यालय द्वारा करों के जोड़ने के अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

9. 'मंच एवं बैठने की व्यवस्था' के प्रावधान के लिए उद्धृत किए जाने के लिए बोलीदाताओं को 6,000/-रू. की जमा धरोहर राशि जो बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में सचिव, सं.लो.से.आ. के पक्ष में दिल्ली/नई दिल्ली में देय होगी। सफल बोलीदाता की जमा धरोहर राशि को बतौर निष्पादन प्रतिभूति के रूप में रखा जाएगा तथा स्थापना दिवस के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद लौटाया जाएगा।

10. उपर्युक्त पैरा-2 में यथानिर्दिष्ट मदों की मात्रा, आकार तथा विनिर्दिष्टियां वास्तविक आदेश के समय परिवर्तित की जा सकती है।

11. उपरोक्त व्यवस्था के लिए कोई अग्रिम का भुगतान नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की संतोषजनक समाप्ति के बाद अपेक्षित भुगतान किया जाएगा जिसके लिए संबंधित पार्टी को इस कार्यालय के सामान्य-I अनुभाग में तीन प्रतियों में अपना बिल प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

12. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

13. सचिव, सं.लो.से.आ.के पास किसी मद (मदों) के प्रभारों जो अपेक्षित मानक या कार्य आदेश के अनुरूप नहीं पाया जाता है, में कटौती का अधिकार सुरक्षित है।

14. बोली को खोलने की तारीख से बोली 90 दिनों के लिए वैध रहेगी।

15. निर्धारित दर पर आयकर की कटौती सेवा प्रदाता के बिल से की जाएगी ।

16. सचिव, सं.लो.से.आ. किसी निविदा को पूर्णरूपेण या उसके किसी भाग को, बिना कोई कारण बताए, स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय फर्म पर अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (एम एण्ड एम)

मंच एवं बैठने की व्यवस्था की तैयारी के लिए बोली प्रस्तुत करने का प्रारूप फर्म का नाम एवं पता

दूरभाष सं.

कार्यालय-

आवास-

मोबाइल-

संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष सं.:

| क्रम सं. | मद | आकार/ विनिर्दिष्टियां | अपेक्षित मात्रा | उद्धृत दरें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शामयाना (मजबूत बांस बल्ली संरचना पर वाटर प्रूफ) | ------------------ | 5800 वर्ग फीट (लगभग) | -----------वर्ग फीट |
| 2. | सफेद कवर सहित बैंन्क्विट चेयर | ------------------ | 500 | |
| 3. | ग्रीन रॉलर कार्पेट | (6'x 18') | 50 | -----------वर्ग फीट |
| 4. | पेडेस्ट्रल फैन आवाज़ रहित (बड़ा आकार) | बड़ा आकार | 20 | ........................ बड़ा आकार (आवाज़ रहित) |
| 5. | लकड़ी का मंच (प्लेटफार्म) | 29'x 81' 2'ऊंचाई सहित (साईट की अपेक्षानुसार) | 2500 वर्ग फीट | ---------प्रति वर्ग फीट |
| 6. | डॉयस | 20'x 10'x 1' अपेक्षाएं 20'x 10'x 2' | 400 वर्ग फीट | ---------प्रति वर्ग फीट |
| 7. | कनात | (40'x 6') | 240 वर्ग फीट | ---------प्रति वर्ग फीट |
| 8. | रेड रनर | 6'x 100' | 600 वर्ग फीट | ---------प्रति वर्ग फीट |
| 9. | किनारे की दीवार (काले रंग में) | 11'x 180' | 1980 वर्ग फीट | ---------प्रति वर्ग फीट |
| 10. | पांच दिनों के लिए अधिष्ठापन सहित हैलोजन फिटिंग्स | ----------------- | 05 | ---------प्रति वर्ग फीट |

टिप्पणी:- मात्रा घटाई / बढ़ाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

(मालिक के हस्ताक्षर एवं
फर्म/कंपनी की मुहर)